**1. पाठ से**

(क) शहर की ओर जाते हुए वल्ली ने बस की खिड़की से बाहर क्या-क्या देखा?

"अब तो उसकी खिड़की से बाहर देखने की इच्छा भी खत्म हो गई थी।"

**उत्तर**
शहर की ओर जाते समय वल्ली ने नहर, उसके पार ताड़ के वृक्ष, घास के मैदान, सुदंर पहाड़ियाँ, नीला आकाश और गहरी खाई देखी। उसने बस की खिड़की से दूर-दूर फैले खेत, हरियाली ही हरियाली देखी।

(ख) वापसी में वल्ली ने खिड़की के बाहर देखना बंद क्यों कर दिया?

**उत्तर**
वापसी में वल्ली ने एक मरी बछिया देखी जिससे वह बहुत उदास हो गयी। सारा समय उसका ध्यान उसी पर लगा रहा इसलिए उसने खिड़की के बाहर देखना बंद कर दिया।

(ग) वल्ली ने बस के टिकट के लिए पैसों का प्रबंध कैसे किया?

**उत्तर**
वल्ली ने छोटी-छोटी रेजगारी इकट्टी की। अपनी मीठी गोलियाँ, गुब्बारे, खिलौने लेने की इच्छा को दबाया, यहाँ तक कि पैसे इकट्ठे करने के लिए वह गोल घूमने वाले झूले पर भी नहीं बैठी।

**2. क्या होता अगर**

(क) वल्ली की माँ जाग जाती और वल्ली को घर पर न पाती?
**उत्तर:** यदि वल्ली की माँ जाग जाती और वल्ली को घर पर न पाती तो परेशान हो जाती और उसे गाँव में ढूँढ़ने लगती।

(ख) वल्ली शहर देखने के लिए बस से उतर जाती और बस वापिस चली जाती?

**उत्तर:** यदि वल्ली शहरे देखने के लिए बस से उतर जाती और बस चली जाती तो वह छोटी बच्ची शहर में खो भी सकती थी।